वर्ष - 02 | अंक - 35 | बिजौलिया - मंगलवार,15 सितम्बर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890



बिजौलिया में मतगणना स्थल पर वार्ड 23 की घोषणा के बाद कांग्रेस उम्मीदवार शंकर लाल धाकड़ को कंधे पर बैठाकर समर्थकों ने जताया हर्ष

बिजोलिया में चुनावी जंग खत्म, अब बोर्ड की बाजी किसके हाथ?

भाजपा 12 पर अटकी, कांग्रेस 11 तक पहुंची; 2 निर्दलीय बने सत्ता की चाबी, दोनों दलों ने संपर्क साधना शुरू किया

अध्यक्ष पद के लिए भाजपा में छह तो कांग्रेस में दो नाम चर्चा में; बहुमत जुटाने से लेकर अध्यक्ष की कुर्सी तक शुरू हुआ सियासी गणित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया

कपिल श्याम विजय। नगर पालिका चुनाव की सोमवार को मतगणना पूरी होने के साथ ही नगर में चुनावी मुकाबला भले खत्म हो गया हो, लेकिन असली सियासी खेल अब शुरू होता दिखाई दे रहा है। 25 वार्डों वाली नगर पालिका में किसी भी प्रमुख दल को अपने दम पर बहुमत नहीं मिला। भाजपा 12 सीटों के साथ सबसे बड़ा दल बनी, कांग्रेस ने 11 सीटें जीतीं और दो वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी। अब नगर पालिका की पहली शहरी सरकार किसकी बनेगी, इसका फैसला दो निर्दलीय पार्षदों के रुख से तय होने की स्थिति में है।

25 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत के लिए 13 पार्षदों का समर्थन चाहिए। भाजपा बहुमत से सिर्फ एक सीट दूर है, जबकि कांग्रेस को बहुमत तक पहुंचने के लिए दो सीटों की जरूरत है। परिणाम सामने आते ही दोनों दलों ने अपने-अपने स्तर पर निर्दलीय विजेता उम्मीदवारों से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। राजनीतिक हलकों में निर्दलीयों के साथ समर्थन और तालमेल को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

दो निर्दलीय, एक कुर्सी और सत्ता का पूरा गणित

बिजोलिया के चुनाव परिणाम ने सत्ता की चाबी दो निर्दलीय पार्षदों के हाथ





चुनाव में जीत के बाद निर्दलीय कांग्रेस के बागी उम्मीदवार कुं. सौभाग्य सिंह से मिलने पहुंचे कांग्रेस नेता

में पहुंचा दी है। वार्ड 11 से राधेश्याम रेगर और वार्ड 19 से कुंवर सौभाग्य सिंह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विजयी हुए हैं। भाजपा यदि इनमें से किसी एक निर्दलीय का समर्थन हासिल कर लेती है तो वह 13 के बहुमत के आंकड़े तक पहुंच जाएगी। दूसरी ओर कांग्रेस को बहुमत के लिए दोनों निर्दलीय पार्षदों का समर्थन चाहिए होगा। यही वजह है कि दोनों राजनीतिक दल निर्दलीयों से संपर्क साधने और उन्हें अपने पक्ष में करने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।हालांकि निर्दलीय पार्षद किसके साथ जाएंगे, यह अभी स्पष्ट नहीं है। ऐसे में आने वाले दिनों में होने वाली राजनीतिक बैठकों और बातचीत पर सभी की नजर रहेगी।

अध्यक्ष पद की कुर्सी के लिए भाजपा में छह दावेदार

बिजोलिया नगर पालिका अध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में बोर्ड गठन के साथ ही अध्यक्ष पद को लेकर भी राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई है। भाजपा के खेमे में हर्षदा कुमारी राठौर, स्नेहा तिवारी, पूजा जोशी, माया शर्मा, आशा देवी जोशी और रीना चंद्रवाल के नाम अध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदारों के रूप में चर्चा में हैं।

भाजपा के सामने पहले बहुमत का आंकड़ा हासिल करने की चुनौती है। इसके बाद पार्टी को अपने विजयी पार्षदों में से अध्यक्ष पद के लिए किसी एक नाम पर सहमति बनानी होगी। ऐसे में पार्टी के भीतर रायशुमारी और बैठकों का दौर भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कांग्रेस में भूमिका सुवालका और आशा जैन के नाम आगे

कांग्रेस खेमे में भी अध्यक्ष पद को लेकर मंथन शुरू हो गया है। पार्टी की ओर से भूमिका सुवालका और आशा जैन के नाम प्रमुखता से चर्चा में हैं।

कांग्रेस के पास 11 पार्षद हैं। ऐसे में पार्टी के सामने दोहरी चुनौती है , पहले दोनों निर्दलीयों को अपने साथ लाकर बहुमत हासिल करना और फिर अध्यक्ष पद के लिए पार्टी के भीतर सर्वसम्मति बनाना।

इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम में निर्दलीयों का रुख सबसे अहम माना जा रहा है। दोनों प्रमुख दलों की ओर से अपने-अपने स्तर पर संपर्क शुरू किए जाने के बाद अब बिजोलिया की राजनीति में आने वाले कुछ दिन बेहद महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

एक वोट ने बनाया मुकाबला ऐतिहासिक

चुनाव परिणामों में सबसे दिलचस्प मुकाबला वार्ड 13 में देखने को मिला। यहां कांग्रेस की आशा जैन ने महज एक वोट से जीत दर्ज की। आशा जैन को 217 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी किरण विजयवर्गीय को 216 वोट मिले। इस तरह दोनों के बीच जीत का अंतर केवल एक वोट रहा।

इसके उलट वार्ड 24 में सबसे बड़ी जीत दर्ज हुई। यहां कांग्रेस के छितर भील ने 271 वोट हासिल किए, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी ललित भील को 44 वोट मिले। छितर भील ने 227 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की, जो चुनाव में सबसे बड़ी जीत रही।

84.68 प्रतिशत मतदान ने तय किया 25 वार्डों का फैसला

बिजोलिया में ग्राम पंचायत से नगर पालिका बनने के बाद यह पहला नगर पालिका चुनाव था। 11 सितंबर को हुए मतदान में मतदाताओं ने भारी उत्साह दिखाया और 84.68 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

मतदान के बाद प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में बंद था। सोमवार को मतगणना पूरी होने के साथ सभी 25 वार्डों के परिणाम सामने आ गए और अब चुनावी परिणामों के बाद बोर्ड गठन को लेकर सियासी गतिविधियां शुरू हो गई हैं।

भाजपा सबसे बड़ा दल, लेकिन बहुमत से एक कदम दूर

चुनाव परिणामों का सीधा गणित भाजपा के पक्ष में है, लेकिन पूर्ण बहुमत के लिए उसे एक पार्षद की जरूरत है। भाजपा के 12 पार्षद हैं, कांग्रेस के 11, जबकि 2 निर्दलीय जीतकर आए हैं।

यानी भाजपा को सत्ता तक पहुंचने के लिए एक निर्दलीय का साथ चाहिए, जबकि कांग्रेस को दोनों निर्दलीयों को अपने पाले में लाना होगा। इसी कारण दोनों दलों के लिए निर्दलीय पार्षदों की भूमिका अचानक बेहद महत्वपूर्ण हो गई है।

अब नजर निर्दलीयों के अगले कदम पर

बिजोलिया में चुनाव परिणाम आने के बाद तस्वीर फिलहाल तीन हिस्सों में बंटी नजर आ रही है ,भाजपा सबसे बड़ा दल है, कांग्रेस उसके बेहद करीब है और दो निर्दलीय सत्ता की चाबी लेकर खड़े हैं।

बिजौलिया नगर पालिका विजेता हुए पार्षद




वार्ड 1. निरमा मीणा -कांग्रेस विजेता
मंजू भील -भाजपा हार


वार्ड 2. माया शर्मा -भाजपा विजेता
कविता जैन -कांग्रेस हार


वार्ड 3. निशा जैन -भाजपा विजेता
साक्षी जैन -कांग्रेस हार


वार्ड 4 स्नेहा तिवाड़ी - भाजपा विजेता
दीपक जैन - कांग्रेस हार


वार्ड 5. निर्मल कुमार - कांग्रेस विजेता
श्रवण लाल खटीक - भाजपा हार


वार्ड 6. किशनलाल खटीक - कांग्रेस
अनिल खटीक - भाजपा हार


वार्ड 7. रईस मोहम्मद - कांग्रेस विजेता
नरेश कुमार सोनी - भाजपा हार




वार्ड 8. प्रेम कुमारी सोनी - भाजपा
प्रेम देवी मेवाड़ा - कांग्रेस हार


वार्ड 9. दिनेश पालीवाल - कांग्रेस विजेता
सरोज जैन - भाजपा हार


वार्ड 10. कमलेश कुमार कोली - भाजपा विजेता
कमल नायक - कांग्रेस हार


वार्ड 11. राधेश्याम रेगर - निर्दलीय विजेता
नरेंद्र खटीक - भाजपा हार


वार्ड 12. रीना चंद्रवाल - भाजपा विजेता
मोनिका देवी सोनी - कांग्रेस हार


वार्ड 13. आशा जैन - कांग्रेस विजेता
किरण विजयवर्गीय - भाजपा हार



वार्ड 14. हर्षदा कुमारी राठौड़ - भाजपा विजेता
आयुष शर्मा - निर्दलीय हार


वार्ड 15. भूमिका सुवालका - कांग्रेस विजेता
ओमप्रकाश - भाजपा हार


वार्ड 16. संजय कुमार मालवीय - कांग्रेस विजेता
जयनारायण टेलर - भाजपा हार


वार्ड 17. आशा देवी जोशी - भाजपा विजेता
लीला देवी जोशी - कांग्रेस हार


वार्ड 18. पूजा जोशी - भाजपा विजेता
लक्षिता पाराशर - निर्दलीय हार


वार्ड 19. कु. सौभाग्य सिंह - निर्दलीय विजेता
लक्ष्मी देवी - भाजपा हार


वार्ड 20. राधा किशन माली - भाजपा विजेता
बेनी कुमार माली - निर्दलीय हार


वार्ड 21. चंद्रकला धोबी - भाजपा विजेता
चंद्रा देवी - कांग्रेस हार


वार्ड 22. नरेश धाकड़ - भाजपा विजेता
ओम प्रकाश धाकड़ - निर्दलीय हार


वार्ड 23. शंकर लाल धाकड़ - कांग्रेस विजेता
सोनिया धाकड़ - भाजपा हार


वार्ड 24. छितर भील - कांग्रेस विजेता
ललित भील - निर्दलीय हार


वार्ड 25. पूजा खटीक -कांग्रेस विजेता
ममता देवी खटीक -भाजपा हार

गणेश चतुर्थी पर बिजोलिया में गूंजे गणपति बप्पा के जयकारे

दो दर्जन से अधिक स्थानों पर स्थापित की गई गणेश प्रतिमाएं, मंदिरों में हुई विशेष पूजा-अर्चना



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

उपखंड मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्र में सोमवार को गणेश चतुर्थी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कस्बे के प्रमुख गणेश मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई और श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

कस्बे के छोटा दरवाजा स्थित अष्टभुजाधारी गणेश मंदिर परिसर को सुगंधित पुष्पों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। वहीं सदर बाजार स्थित गणेश मंदिर पर की गई विद्युत सज्जा भी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रही। मंदाकिनी मंदिर स्थित नारी गणेश सहित अन्य गणेश मंदिरों में भी चतुर्थी के मौके पर विशेष पूजा-अर्चना हुई। गणेश महोत्सव को लेकर कस्बे में श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पंचायत चौक, पथिक नगर, चारण माता मंदिर के पास, इंद्रा कॉलोनी, पथिक क्लब, केसरगंज सहित विभिन्न स्थानों पर भक्तों ने दो दर्जन से अधिक स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित कीं। गणेश महोत्सव को लेकर अब आगामी 10 दिनों तक विभिन्न स्थानों पर धार्मिक आयोजन होंगे। इस दौरान गणपति पंडालों में पूजा-अर्चना सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

छोटा रुणिचा धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भादवी दूज पर भव्य मेला, ध्वजा चढ़ाई, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन



भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।

भगवान बाबा रामदेवजी महाराज के अवतरण दिवस भादवी दूज के अवसर पर नया नगर जलेरी स्थित छोटा रुणिचा धाम में एक दिवसीय मेले, भंडारे एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु ढोल-डीजे के साथ धाम पहुंचे और बाबा के दरबार में ध्वजा चढ़ाकर दर्शन किए।

धाम के गादीपति महंत हीरानाथ जोगी ने बताया कि भादवी दूज के अवसर पर बाबा रामदेवजी का उत्सव श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुखपुरा यादव कॉलोनी, बिजोलिया-रामपुरिया, रसदपुरा, आरोली, खड़ीपुर, बंजारों की जलेरी, जलेरी सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ध्वजा चढ़ाने पहुंचे। श्रद्धालुओं की आस्था और भक्ति से पूरा धाम भक्तिमय नजर आया। रात्रि में आयोजित भव्य भजन संध्या में श्री जिंद महाराज का आगमन हुआ। भजन गायक धीरज मेघवाल, बबलू राजस्थानी, शौकीन जोगी, प्रेमनाथ, बद्री सालवी (भीलवाड़ा), निशा लोधा एवं किशन लोधा (कोटा) ने बाबा रामदेवजी एवं जिंद महाराज के भजनों की प्रस्तुतियां दीं। भजनों पर श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में झूमते रहे। आयोजन के दौरान मंदिर के दान-पात्र को खोला गया, जिसमें श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित 67 हजार रुपए की राशि प्राप्त हुई। बाबा के दर्शन के लिए विधायक गोपाल खंडेलवाल, संजय धाकड़ सहित कई जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु धाम पहुंचे।मंदिर कमेटी अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा ने बताया कि धाम पर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे एवं प्रसादी की विशेष व्यवस्था की गई थी। आयोजन के समापन पर सैकड़ों थालियों से भगवान की महाआरती की गई। मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की। आयोजन को सफल बनाने में प्रशासन, कार्यकर्ताओं एवं भक्तों का विशेष सहयोग रहा।

बरूंदनी गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश चौक में गौरी शंकर सेवादार समिति की ओर से गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया



भीलवाड़ा फोकस @ बड़लियास

बरूंदनी गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश चौक में गौरी शंकर सेवादार समिति की ओर से गणेशोत्सव का शुभारंभ किया गया। पंडित शिव प्रकाश भट्ट ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। इसके बाद गणेश चौक से भगवान गणेश की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में श्रद्धालु गणपति के जयकारे लगाते हुए शामिल हुए। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद स्थापित की प्रतिमा शोभायात्रा के बाद भगवान गणेश की प्रतिमा को गणेश चौक में विधि-विधान से स्थापित किया गया। प्रतिमा स्थापना के साथ ही कस्बे में गणेशोत्सव के धार्मिक आयोजनों की शुरुआत हुई। इस दौरान गणेश चौक सहित पूरे कस्बे में भक्तिमय माहौल रहा। रोज होंगे अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम गणेशोत्सव के तहत समिति की ओर से प्रतिदिन अलग-अलग धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें गरबा, भजन-कीर्तन, सुंदरकांड पाठ और महाआरती शामिल हैं। अनंत चतुर्दशी पर गणेशोत्सव के समापन के अवसर पर महाप्रसाद और अखाड़े का आयोजन किया जाएगा।

समिति ने श्रद्धालुओं से सभी धार्मिक कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में गौतम तिवारी, हरिओम वर्मा, केदार भट्ट, राजेंद्र लढ़ा, रामराय लढ़ा, अजय साहू, भेरूलाल साहू, मंगल वैष्णव, भंवरलाल अहीर, लादूलाल टेलर सहित गांव के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

भीलवाड़ा निगम में भाजपा का दबदबा, 45 सीटें जीतीं, कांग्रेस 10 पर सिमटी; 15 निर्दलीय भी जीते

भीलवाड़ा नगर निगम में भाजपा का कब्जा, 45 सीटों के साथ स्पष्ट बहुमत कांग्रेस को 10 और निर्दलीयों को 15 वार्डों में जीत; भाजपा बहुमत के आंकड़े से नौ सीट आगे

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

मूलचन्द पेसवानी

भीलवाड़ा में नगर निगम गठित होने के बाद हुए पहले चुनाव में सभी 70 वार्डों के परिणाम घोषित हो गए हैं। भाजपा ने 45 वार्डों में जीत दर्ज कर नगर निगम में स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। कांग्रेस को 10 और निर्दलीय प्रत्याशियों को 15 वार्डों में जीत मिली है। बहुमत के लिए जरूरी 36 सीटों के मुकाबले भाजपा नौ सीट आगे रही।

मतगणना के दौरान भाजपा ने शुरुआत से बढ़त बनाए रखी और अंतिम परिणाम आने तक यह बढ़त स्पष्ट बहुमत में बदल गई। 70 सदस्यीय निगम में भाजपा को 45 सीटें यानी 64.29 प्रतिशत सीटें मिली हैं। कांग्रेस का सीट शेयर 14.29 प्रतिशत और निर्दलीयों का 21.43 प्रतिशत रहा।

कांग्रेस से 35 सीट आगे रही भाजपा-

अंतिम परिणाम में भाजपा और कांग्रेस के बीच बड़ा अंतर सामने आया। भाजपा ने कांग्रेस से 35 सीट अधिक जीती हैं। वहीं 15 निर्दलीय पार्षदों की जीत ने स्थानीय चुनाव में स्वतंत्र प्रत्याशियों की मजबूत मौजूदगी भी दर्ज कराई है। भाजपा के विजयी वार्डों में 2, 3, 5, 6, 8, 9, 11, 13, 15, 16, 17, 18, 20, 21, 22, 25, 26, 28, 29, 30, 31, 32, 33, 34, 36, 37, 38, 42, 43, 44, 48, 52, 53, 54, 57, 58, 59, 60, 61, 62, 63, 64, 66, 67 और 70 शामिल हैं। कांग्रेस ने वार्ड 1, 4, 23, 24, 27, 40, 47, 49, 55 और 68 में जीत दर्ज की। निर्दलीय प्रत्याशियों ने वार्ड 7, 10, 12, 14, 19, 35, 39, 41, 45, 46, 50, 51, 56, 65 और 69 में जीत हासिल की।

वार्ड 9 में सबसे बड़ी जीत, वार्ड 7 में सबसे करीबी मुकाबला-

भाजपा की जसवंत कंवर ने वार्ड 9 में 2165 मतों के अंतर से जीत दर्ज की। यह अब तक सबसे बड़ी जीत है। वहीं वार्ड 7 में निर्दलीय इंदु टांक ने महज छह मतों के अंतर से जीत हासिल की। वार्ड 52 में भाजपा के रमेश चन्द्र खोड़िवाल ने 23 मतों से जीत दर्ज की। ये दोनों मुकाबले बेहद करीबी रहे।

नौ वार्डों में 1000 से ज्यादा मतों का अंतर-

बड़े अंतर से जीत दर्ज करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में वार्ड 22 की भाजपा प्रत्याशी सीमा कंवर 1959 मत, वार्ड 60 की सुमन ओझा 1893 मत, वार्ड 54 के नारायण गुर्जर 1306 मत, वार्ड 33 की नेहा जोशी 1283 मत, वार्ड 47 के कांग्रेस प्रत्याशी मोहम्मद उस्मान पठान 1205 मत, वार्ड 63 के भाजपा प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह राठौड़ 1109 मत, वार्ड 58 के सुभाष सोनी 1081 मत और वार्ड 57 की संजना खटीक 1049 मत के अंतर से विजयी रहे। चुनाव परिणाम में कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व सभापति मंजू पोखरना को हार का सामना करना पड़ा। भाजपा के शंकर जाट ने उन्हें पराजित किया। शंकर जाट को 1870 और मंजू पोखरना को 644 मत मिले। कांग्रेस के शहर अध्यक्ष शिवराम खटीक की पत्नी और पूर्व नेता प्रतिपक्ष समदूदेवी भी चुनाव हार गईं। उन्हें भाजपा के मंडल अध्यक्ष रमेश कोईवाल ने हराया। समदूदेवी के भाई उमेश खटीक को भी हार का सामना करना पड़ा।

भाजपा के सामने अब सभापति का चुनाव-

भाजपा के 45 पार्षद निर्वाचित होने के बाद निगम में सभापति पद को लेकर तस्वीर काफी हद तक स्पष्ट हो गई है। पार्टी के पास बहुमत से नौ अधिक सीटें हैं। ऐसे में सभापति के चुनाव के लिए उसे निर्दलीय पार्षदों के समर्थन पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि 15 निर्दलीय पार्षदों की मौजूदगी निगम की आगामी राजनीति में महत्वपूर्ण रहेगी। सभापति पद के लिए भाजपा किस चेहरे को आगे करती है, इस पर अब राजनीतिक निगाहें टिक गई हैं।

चुनाव में नेताओं की प्रतिष्ठा भी दांव पर थी-

नगर निगम चुनाव में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भीलवाड़ा में रोड शो किया था। सांसद दामोदर अग्रवाल, निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा की प्रतिष्ठा भी चुनाव परिणाम से जुड़ी थी। मतदान के बाद भाजपा की ओर से पार्षदों की बाड़ेबंदी की गई थी। अब पार्टी को स्पष्ट बहुमत मिलने के बाद निगम में सत्ता गठन की प्रक्रिया पर सबकी नजर है।

70 वार्डों का अंतिम गणित

दल	सीटें	सीट प्रतिशत
भाजपा	45	64.29 %
कांग्रेस	10	14.29 %
निर्दलीय	15	21.43 %

भाजपा ने 70 में से 45 वार्ड जीतकर नगर निगम में स्पष्ट बहुमत हासिल किया। कांग्रेस 10 सीटों तक सिमट गई, जबकि निर्दलीयों ने 15 सीटों पर जीत दर्ज की। अब चुनाव परिणाम के बाद अगली राजनीतिक परीक्षा सभापति के चुनाव की होगी।

नगर निकाय चुनाव के सभी नतीजे घोषित, कई निकायों में बदले सियासी समीकरण

भीलवाड़ा नगर निगम में भाजपा का दबदबा, शाहपुरा में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत; बिजोलिया में बहुमत से एक सीट दूर भाजपा





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

नगर निकाय आम चुनाव-2026 के तहत भीलवाड़ा जिले के नगर निगम भीलवाड़ा सहित 10 नगरपालिकाओं के सदस्य पदों के लिए सोमवार को हुई मतगणना शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न हुई। नगर निगम भीलवाड़ा के वार्ड सदस्य पदों की मतगणना जिला मुख्यालय स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, तिलक नगर में हुई, जबकि जिले की सभी 10 नगरपालिकाओं के लिए संबंधित पालिका मुख्यालयों पर मतगणना कराई गई। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू हुई और परिणाम घोषित होने के साथ ही जिले के नगरीय निकायों में चुनावी तस्वीर पूरी तरह साफ हो गई।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर निगम भीलवाड़ा के 70 वार्डों में भाजपा ने 45 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस के 10 और निर्दलीय प्रत्याशी 15 वार्डों में विजयी रहे। इस तरह नगर निगम में भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में सामने आई।

जिले की नगरपालिकाओं के परिणामों पर नजर डालें तो आसींद के 25 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 8 और निर्दलीयों ने 5 सीटों पर जीत दर्ज की। वहीं बनेड़ा के 20 वार्डों में भाजपा 10, कांग्रेस 9 और निर्दलीय 1 सीट पर विजयी रहे। बीगोद के 25 वार्डों में भाजपा ने 12, कांग्रेस ने 6 और निर्दलीयों ने 7 सीटें जीतीं।

बिजोलिया में भाजपा सबसे बड़ा दल, बोर्ड गठन पर नजर

बिजोलिया के 25 वार्डों में भाजपा ने 12 सीटों पर जीत दर्ज की, कांग्रेस को 11 सीटें मिलीं, जबकि 2 निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। 25 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत के लिए 13 पार्षदों की आवश्यकता है। ऐसे में भाजपा बहुमत से महज एक सीट दूर है, जबकि कांग्रेस को दो सीटों की जरूरत है। परिणाम सामने आते ही दोनों प्रमुख दलों की नजर निर्दलीय पार्षदों पर टिक गई है और बोर्ड गठन को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज होने की संभावना है।

गंगापुर में कांग्रेस ने बढ़त बनाते हुए 25 में से 14 वार्डों में जीत दर्ज की। भाजपा के 9 और निर्दलीय प्रत्याशी 2 वार्डों में विजयी रहे। गुलाबपुरा के 35 वार्डों में भाजपा ने 14, कांग्रेस ने 10 और निर्दलीयों ने 10 सीटों पर जीत दर्ज की, जबकि एक सीट आरएलपी के खाते में गई।

हमीरगढ़ के 20 वार्डों में भाजपा 8, कांग्रेस 7 और निर्दलीय 5 सीटों पर विजयी रहे। जहाजपुर के 25 वार्डों में भाजपा ने 15 सीटों पर कब्जा जमाया, जबकि कांग्रेस को 3 और निर्दलीयों को 7 सीटें मिलीं। वहीं मांडलगढ़ के 20 वार्डों में भाजपा ने 11, कांग्रेस ने 2 और निर्दलीय प्रत्याशियों ने 7 वार्डों में जीत हासिल की।

शाहपुरा में कांग्रेस का बड़ा उलटफेर

जिले के चुनाव परिणामों में शाहपुरा का परिणाम सबसे बड़ा राजनीतिक उलटफेर लेकर आया। 35 वार्डों वाली नगर पालिका में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया। भाजपा को महज 8 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि 5 निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। 35 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत के लिए 18 सीटों की आवश्यकता है और कांग्रेस 22 पार्षदों के साथ बहुमत के आंकड़े से चार सीट आगे है। ऐसे में कांग्रेस को बोर्ड बनाने के लिए किसी निर्दलीय के समर्थन की आवश्यकता नहीं होगी।

शांतिपूर्ण रही मतगणना, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

मतगणना के दौरान जिला प्रशासन की ओर से व्यापक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार सभी मतगणना स्थलों पर सुरक्षा, प्रवेश एवं निकासी, मतगणना कार्मिकों के लिए आवश्यक सुविधाओं तथा कानून एवं शांति व्यवस्था के लिए पर्याप्त प्रबंध किए गए। अधिकृत व्यक्तियों के प्रवेश की निगरानी की गई और राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप मतगणना प्रक्रिया पूरी कराई गई।

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की ओर से मतगणना केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किया गया। मतगणना प्रक्रिया को सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष तरीके से पूरा कराने के लिए संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

चुनाव पर्यवेक्षक ने किया निरीक्षण

मतगणना प्रक्रिया के दौरान चुनाव पर्यवेक्षक अरविंद सारस्वत ने मतगणना केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतगणना व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों से प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने मतगणना कक्षों में की गई व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था तथा निर्वाचन नियमों एवं दिशा-निर्देशों की पालना का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। मतगणना पूरी होने के साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों की चुनावी तस्वीर साफ हो गई है। परिणामों में भाजपा ने भीलवाड़ा नगर निगम सहित कई नगरपालिकाओं में मजबूत प्रदर्शन किया है, जबकि शाहपुरा में कांग्रेस ने स्पष्ट बहुमत हासिल कर बड़ा उलटफेर किया है। बिजोलिया में भाजपा सबसे बड़ा दल बनकर उभरी है, लेकिन बहुमत के लिए उसे एक और पार्षद के समर्थन की जरूरत है। अब इन निकायों में जहां स्पष्ट बहुमत है, वहां बोर्ड गठन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी, वहीं त्रिशंकु स्थिति वाले निकायों में राजनीतिक समीकरण महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।



QUICK BITES

रामदेव जी के नाम भजन संध्या में झूमे श्रद्धालु

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



(सांवर वैष्णव):- सवाईपुर क्षेत्र के ड़साणिया का खेड़ा गांव में भादवी बीज पर एक शाम बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें भजन गायक कलाकारों ने भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । गोपाल सालवी व लक्ष्मण सालवी ने बताया कि भादवी बीज के मौके पर रविवार रात्रि को रामदेव मंदिर पर एक शाम बाबा रामदेव के नाम भजन संध्या का आयोजन किया गया । जिसमें पोखर सिंह जोधपुर ने गणपति व गुरु वंदना के साथ भजन संध्या की शुरुआत की, इसके बाद घोड़ों मारो छम छम करतो आवे... व खम्मा-खम्मा हो रामा रूनिचे रा धनिया... आदि कई भजनों की प्रस्तुतियां दी । इसके बाद सांवर वैष्णव ढ़ेलाणा ने घोड़ो जोर को दौड़ाया रे रुणिचा वाला... व रूड़ो रूपालो थारो देवरो ओ रामा, रूड़ो थारो दरबार ... आदि भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी । फिर राजू लोहार आकोला ने आकड़ काकड़ में भंडारा लागे रुणिचा का गेला में... व नारायण बनकाखेड़ा के माय मंदरीयो प्यारों गणो लागे ओ.. सहित कई भजनों की प्रस्तुतियां दी । कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर भक्तगण भाव विभोर होकर नाचने झूमने लगे । डांसर जगदीश सुथार ने मन मोहक प्रस्तुति दी । वही विशाल भजन संध्या भौंर तक चली ।।

बनेड़ा नगर पालिका चुनावः भाजपा 10, कांग्रेस 9, निर्दलीय 1

भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा



परमेश्वर

बनेड़ा नगर पालिका के 20 वार्डों के चुनाव परिणाम सामने आने के बाद सियासी तस्वीर साफ हो गई है। भाजपा ने 10, कांग्रेस ने 9 और निर्दलीय ने 1 वार्ड में जीत दर्ज की। बहुमत के लिए 11 पार्षद जरूरी हैं, ऐसे में वार्ड 18 से जीते निर्दलीय पार्षद की भूमिका अहम हो गई है।

भाजपा ने वार्ड 2, 5, 6, 9, 10, 11, 13, 15, 16 और 19 में जीत दर्ज की, जबकि कांग्रेस ने 1, 3, 4, 7, 8, 12, 14, 17 और 20 वार्ड जीते। वार्ड 18 में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहा।

वार्ड 13 बना सबसे ज्यादा चर्चा में

भाजपा प्रत्याशी राजाधिराज गोपाल चरण सिंह सिसौदिया ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 202 वोटों से हराकर बड़ी जीत दर्ज की। सिसौदिया को 314 और प्रतिद्वंद्वी को 112 वोट मिले। उनकी इस जीत के बाद भाजपा बोर्ड बनने की स्थिति में चेयरमैन पद को लेकर उनका नाम प्रमुखता से चर्चा में है।

हालांकि भाजपा के पास 10 पार्षद हैं और बहुमत के लिए एक और पार्षद की जरूरत है। ऐसे में निर्दलीय के समर्थन से बोर्ड गठन की स्थिति में चेयरमैन पद को लेकर सियासी समीकरण और दिलचस्प हो सकते हैं। सिसौदिया का नाम फिलहाल प्रबल दावेदार के रूप में राजनीतिक चर्चाओं में है, अंतिम फैसला भाजपा नेतृत्व और पार्षदों के समर्थन पर निर्भर करेगा।

वहीं वार्ड 6 में भाजपा को महज 7 वोटों से जीत मिली, जबकि वार्ड 19 और 2 में भाजपा ने क्रमशः 207 और 230 वोटों से बड़ी जीत दर्ज की। अब सभी की नजर बोर्ड गठन और चेयरमैन की कुर्सी पर टिकी है।



बुखार को मामूली समझना पड़ सकता है भारी, शक्करगढ़ में वायरल मरीज बढ़े

शक्करगढ़ सीएचसी में रोज 150 से 200 मरीज पहुंच रहे; डॉक्टर बोले- बुखार को सामान्य समझकर न टालें

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मौसम में बदलाव के साथ क्षेत्र में वायरल संक्रमण का असर तेजी से बढ़ रहा है। शक्करगढ़ सीएचसी में इन दिनों रोजाना 150 से 200 मरीज उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें बुखार, सर्दी-जुकाम, खांसी, बदन दर्द और कमजोरी की शिकायत वाले मरीज अधिक हैं। वायरल संक्रमण के साथ कुछ मरीजों में प्लेटलेट्स कम होने के मामले सामने आने से लोगों की चिंता बढ़ गई है।

बुखार को हल्के में न लें, जांच जरूरी

चिकित्सा अधिकारी युवराज सिंह चौधरी ने बताया कि वर्तमान में डेंगू और स्क्रब टाइफस सहित वायरल संक्रमण के मरीज सामने आ रहे हैं। लगातार बुखार, तेज कमजोरी या तबीयत बिगड़ने पर मरीज घरेलू उपचार में समय न गंवाएं और तुरंत सीएचसी पहुंचकर जांच करवाएं। उन्होंने कहा कि बिना चिकित्सकीय सलाह के दवा लेना नुकसानदायक हो सकता है।

प्लेटलेट्स कम होने पर घबराने की जरूरत नहीं

चौधरी ने बताया कि वायरल संक्रमण में प्लेटलेट्स कम हो सकती हैं, लेकिन केवल प्लेटलेट्स की संख्या देखकर घबराने की जरूरत नहीं है। मरीज की पूरी चिकित्सकीय स्थिति और डॉक्टर की सलाह के आधार पर उपचार जरूरी है। उन्होंने लोगों से पर्याप्त पानी व अन्य तरल पदार्थ लेने, पौष्टिक भोजन



करने और आराम करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि संक्रमण से बचाव के लिए साफ-सफाई रखें, बार-बार हाथ धोएं और खांसी-जुकाम होने पर दूसरों के संपर्क से बचें। तेज बुखार या लक्षण बढ़ने पर तत्काल चिकित्सकीय सलाह लें।

कोटड़ी में जलझुलन महोत्सव की धूम, रासलीला में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

भीलवाड़ा फोकस @ कोटड़ी

राजेन्द्र बबलू पोखरना





अनन्तकोटि श्रीश्री कोटड़ी चारभुजानाथ मंदिर में आयोजित विशाल जलझुलन महोत्सव के तहत धार्मिक आयोजनों का सिलसिला जारी है। महोत्सव के दूसरे दिन सोमवार को मंदिर परिसर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान चारभुजानाथ के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की।

महोत्सव के तहत सोमवार को गणेशजी की शोभायात्रा एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके बाद शाम को धार्मिक आयोजन हुए तथा रात्रि 8.15 बजे रासलीला का आयोजन किया गया। रासलीला को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह है। मंदिर परिसर में आकर्षक सजावट की गई है तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया, सचिव श्याम सुन्दर चेचाणी एवं समस्त भक्तजनों ने श्रद्धालुओं से महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ लेने का आह्वान किया गया है।

गणेश चतुर्थी पर निकली शोभायात्रा, बरसात में भी नहीं थमा भक्तों का उत्साह कोटड़ी मुख्यालय पर गणेश चतुर्थी के अवसर पर सोमवार को कोटड़ी में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा नजारा देखने को मिला। बरसात के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शोभायात्रा में शामिल हुए। भगवान गणेश के जयकारों से मार्ग गुंजायमान रहा।

शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर झूमते हुए आगे बढ़े। बारिश के बीच भी श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। जलझुलन महोत्सव के तहत आयोजित धार्मिक कार्यक्रमों के साथ गणेश चतुर्थी का यह आयोजन भी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। मंदिर ट्रस्ट की ओर से व्यवस्थाएं की गई।

जलझुलन महोत्सव के तहत सोमवार को रात्रि 8.15 बजे रासलीला का आयोजन हुआ। इसके अलावा आगामी दिनों में भी रासलीला सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

15 व 16 सितम्बर को रात्रि 8.15 बजे रासलीला,

17 सितम्बर को धार्मिक आयोजन के दौरान कावड़ियों का त्रिवेणी के लिए प्रस्थान व देवनारायण भगवान की जीवन गाथा बगड़ावत कथा की जाएगी।

18 सितम्बर को कावडियों का आगमन व संगीतमय सुन्दर काण्ड पाठ होगा।

19 सितम्बर को राधा अष्ठमी पर हवन व पूजन, भक्तो के द्वारा निर्मित विशाल छप्पन भोग प्रभु को अर्पण किया जाएगा वही रात्रि में स्थानीय विद्यालयों के बालको की ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा

20 सितम्बर को विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा।

21 सितम्बर को भजन संध्या आयोजित होगी।

22 सितम्बर को महोत्सव के समापन अवसर पर विशेष धार्मिक कार्यक्रम एवं श्री चारभुजानाथ के रजत रेवाड़ी में विराजमान करवा कर जलझुलन को लेजाया जाएगा। वही 23 सितम्बर को सुबह 9 बजे भगवान के निज धाम में विराजमान होने के साथ ही जलझुलन महोत्सव सम्पन्न होगा।

श्री चारभुजा मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुदर्शन गाड़ोदिया ने श्रद्धालुओं से महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील की है।

भागवत के सामने आचार्य पुलकसागर ने उठाए सामाजिक समरसता और जैन तीर्थ संरक्षण के मुद्दे

बोले- स्वर्ण व पिछड़ा वर्ग को बांटने वाले यूजीसी नियम लागू नहीं हों, सम्मेद शिखरजी-गिरनार का हो पूर्ण संरक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मूलचन्द पेसवानी



राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज के चातुर्मास स्थल सूर्यमहल में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत पहुंचे। उन्होंने आचार्यश्री के दर्शन कर पाद प्रक्षालन किया और वंदन-अभिनंदन किया। इसके बाद करीब 40 मिनट तक दोनों के बीच धर्म, समाज और राष्ट्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बातचीत में राजनीति से इतर सामाजिक समरसता, जातीय विभाजन, जैन तीर्थों के संरक्षण और गौवंश संवर्धन जैसे विषय प्रमुख रहे।

आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने चर्चा के दौरान स्पष्ट रूप से कहा कि देश में सामाजिक समरसता हर हाल में कायम रहनी चाहिए। समाज को जातियों और वर्गों में बांटने वाले किसी भी प्रयास से बचना जरूरी है। उन्होंने स्वर्ण एवं पिछड़ा वर्ग के बीच विभाजन पैदा करने वाले माने जा रहे यूजीसी के प्रस्तावित नियमों को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि ऐसे नियम लागू नहीं होने चाहिए।

यूजीसी नियम पर भागवत ने दिया आश्वासन

आचार्यश्री ने बताया कि बातचीत के दौरान डॉ. मोहन भागवत ने यूजीसी से जुड़े नियम को लेकर कहा कि यह फिलहाल केवल प्रस्ताव के स्तर पर है और इसे अभी कानूनी रूप नहीं दिया गया है। उन्होंने बताया कि मौजूदा प्रारूप में ऐसा कानून नहीं बने, इसे लेकर सरकार के स्तर पर चर्चा चल रही है।

आचार्यश्री ने कहा कि सामाजिक समरसता किसी एक वर्ग का विषय नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आवश्यक है। समाज में वर्गों और जातियों के बीच दूरियां बढ़ाने वाले किसी भी प्रावधान से सामाजिक एकता प्रभावित हो सकती है।

सम्मेद शिखरजी और गिरनार के संरक्षण पर भी चर्चाचर्चा में जैन समाज की आस्था के प्रमुख तीर्थ सम्मेद शिखरजी और गिरनार के संरक्षण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने इन तीर्थस्थलों के सामने आ रही चुनौतियों को लेकर पीड़ा व्यक्त की और इनके पूर्ण संरक्षण की आवश्यकता बताई।

इस पर डॉ. भागवत ने उचित स्तर पर इस विषय को रखने और समस्याओं के समाधान की दिशा में चर्चा करने का विश्वास दिलाया। आचार्यश्री ने कहा कि ये केवल जैन समाज के धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि देश की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत से जुड़े महत्वपूर्ण तीर्थ हैं।

जेलों में गौशालाएं खोलने का सुझाव

आचार्य पुलकसागरजी महाराज ने देश की जेलों में गौशालाएं शुरू करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि जेलों में बंद बंदियों को गौवंश संवर्धन और सेवा से जोड़ा जा सकता है। इससे बंदियों में सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ उन्हें समाजोपयोगी कार्यों से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

'उद्देश्य एक ही, समाज में शांति और सद्भाव बना रहे'

आचार्यश्री ने चर्चा के बाद कहा कि राजनीति से हटकर सामाजिक समरसता के मुद्दों पर हुई बातचीत में इस बात पर सहमति रही कि दोनों का उद्देश्य मूल रूप से एक ही है–समाज में शांति और सद्भाव कायम रहे तथा जातिवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में सभी की भागीदारी हो।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता को मजबूत करने में आरएसएस की भूमिका महत्वपूर्ण है। आचार्यश्री ने डॉ. भागवत को आशीर्वाद भी प्रदान किया।

भागवत ने साझा किए अमेरिका-ब्रिटेन यात्रा के अनुभव

बातचीत के दौरान डॉ. मोहन भागवत ने आचार्य पुलकसागरजी महाराज के साथ उनकी हालिया अमेरिका और ब्रिटेन यात्रा से जुड़े अनुभव भी साझा किए। दोनों के बीच देश-विदेश में भारतीय संस्कृति, समाज और समरसता से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ।

'एक और मुक्तिदूत' पुस्तक का विमोचन

इस अवसर पर डॉ. भागवत ने इंदौर की सरोज शाह द्वारा आचार्य पुलकसागरजी महाराज के प्रेरणादायी जीवन पर लिखी पुस्तक 'एक और मुक्तिदूत' का विमोचन किया। पुस्तक को आचार्यश्री के चरणों में समर्पित किया गया।

2011 में भी हुई थी दोनों की मुलाकात

चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि वर्ष 2011 में भी आचार्य पुलकसागरजी महाराज के भीलवाड़ा प्रवास के दौरान संघ प्रमुख डॉ. मोहन भागवत उनसे मिलने आए थे। उन्होंने बताया कि दोनों के बीच नियमित अंतराल पर मुलाकात और संवाद होता रहा है।

इस दौरान आरएसएस के केंद्रीय पदाधिकारी अरुण जैन, निम्बाराम, मुरलीधर तथा श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी मौजूद रहे।

सूर्यमहल पहुंचने पर आचार्यश्री का स्वागत करने वालों में प्रवीण चौधरी, तिलोकचंद छाबड़ा, मनीष शाह, लोकेश अजमेरा, जयकुमार पाटनी, सुभाष जैन, अनिल जैन, सुरेशकुमार जैन, प्रेमचंद जैन, कमलचंद जैन, लोकेन्द्रकुमार जैन, कांतिलाल जैन और अतुलकुमार जैन सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

शाहपुरा में कांग्रेस का कब्जा, भाजपा का 'ट्रिपल इंजन' दावा ध्वस्त

35 वार्डों में कांग्रेस 22 पर, भाजपा 8 पर सिमटी; 5 निर्दलीयों ने भी मारी बाजी

विधायक डॉ. लालाराम बैरवा के गढ़ में कांग्रेस ने छीना पालिका बोर्ड, नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन बोले - 'जनता ने भाजपा के ट्रिपल इंजन को पंक्चर कर दिया '

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

मूलचन्द पेसवानी

शाहपुरा नगर पालिका चुनाव के परिणामों ने शहर की सियासत का पूरा गणित बदल दिया है। प्रदेश में भाजपा की सरकार, शाहपुरा से भाजपा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और निवर्तमान नगर पालिका बोर्ड में भाजपा के दबदबे के बावजूद मतदाताओं ने इस बार पालिका की सत्ता कांग्रेस के हाथों सौंप दी। 35 वार्डों के घोषित परिणामों में कांग्रेस ने 22 सीटों पर जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया है। भाजपा को 8 सीटों पर संतोष करना पड़ा, जबकि 5 वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे।

कांग्रेस के पास 22 पार्षद होने के कारण अब उसे बोर्ड बनाने के लिए किसी निर्दलीय या अन्य दल के समर्थन की जरूरत नहीं है। 35 सदस्यीय बोर्ड में बहुमत का आंकड़ा 18 है, जबकि कांग्रेस इस आंकड़े से 4 सीट अधिक लेकर स्पष्ट बहुमत हासिल कर चुकी है।

भाजपा के 'ट्रिपल इंजन' पर जनता का ब्रेक!

चुनाव से पहले शाहपुरा में भाजपा की ओर से 'ट्रिपल इंजन सरकार' का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया था। प्रदेश में भाजपा सरकार, शाहपुरा से भाजपा विधायक डॉ. लालाराम बैरवा और नगर पालिका में भाजपा बोर्ड इन तीनों को विकास के लिए मजबूत राजनीतिक ताकत के रूप में पेश किया गया था।

लेकिन चुनाव परिणाम ने इस राजनीतिक समीकरण को पूरी तरह उलट दिया। जनता ने पालिका की चाबी भाजपा के बजाय कांग्रेस को सौंप दी।

नगर कांग्रेस अध्यक्ष और वार्ड 15 से विजयी रमेश सेन ने परिणाम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा 'जनता ने भाजपा के ट्रिपल इंजन को पंक्चर कर दिया। '

विधायक भाजपा के, पालिका बोर्ड कांग्रेस का

शाहपुरा चुनाव परिणाम की सबसे बड़ी राजनीतिक चर्चा यही है कि शहर में भाजपा के विधायक डॉ. लालाराम बैरवा होने के बावजूद कांग्रेस ने नगर पालिका में स्पष्ट बहुमत हासिल कर लिया।

भाजपा के लिए यह परिणाम इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि चुनाव के दौरान पार्टी ने स्थानीय स्तर पर विकास और सत्ता के बेहतर समन्वय को लेकर मतदाताओं के सामने अपना पक्ष रखा था। वहीं कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों, पार्टी के संगठनात्मक समीकरणों और भाजपा के प्रति नाराजगी को अपने पक्ष में भुनाने की कोशिश की।

परिणाम सामने हैं

कांग्रेस- 22
भाजपा- 8
निर्दलीय- 5



35 वार्डों का पूरा चुनावी हिसाब

वार्ड	विजेता	दल
1	तबस्सुम बानू	कांग्रेस
2	युवराज रेगर	कांग्रेस
3	जाकिर देशवाली	कांग्रेस
4	चांद मोहम्मद रंगरेज	निर्दलीय
5	युसुफ मोहम्मद	निर्दलीय
6	नतन ओझा	कांग्रेस
7	राजेंद्र बोहरा	भाजपा
8	मधु सर्वा	कांग्रेस
9	रचना मिश्रा	कांग्रेस
10	नाथू कोली	कांग्रेस
11	योगेश पारीक	निर्दलीय
12	भावना सेन	कांग्रेस
13	रेखा देवी	कांग्रेस
14	सुरेश कहार	भाजपा
15	रमेश सेन	कांग्रेस
16	बालमुकुंद तोषनीवाल	कांग्रेस
17	किशन कहार	कांग्रेस
18	लादूराम चावला	कांग्रेस
19	ममता चावला	कांग्रेस
20	सनील चौधरी	कांग्रेस
21	निरमा बाबर	भाजपा
22	प्रवीण सोनी	भाजपा
23	मधु पोंडरीक	कांग्रेस
24	सुरेश घुसर	निर्दलीय
25	मोहन गुर्जर	भाजपा
26	मोहम्मद इशाक	कांग्रेस
27	शमीम बानू	कांग्रेस
28	नारायण कहार	भाजपा
29	ललिता कहार	भाजपा
30	राजू कहार	निर्दलीय
31	चेतन रेगर	कांग्रेस
32	शांति कहार	कांग्रेस
33	दीपिका वैष्णव	भाजपा
34	युसुफ खान	कांग्रेस
35	विशाल मीणा	कांग्रेस

टिकट वितरण की नाराजगी भी बनी चर्चा

चुनाव के दौरान भाजपा में टिकट वितरण को लेकर असंतोष की चर्चाएं सामने आई थीं। कई वार्डों में टिकट को लेकर स्थानीय स्तर पर नाराजगी और बागी तेवरों की चर्चा रही।इसके अलावा शाहपुरा जिला बहाली आंदोलन और विधायक की कार्यशैली को लेकर मतदाताओं के बीच चल रही चर्चाएं भी चुनावी माहौल का हिस्सा बनीं। हालांकि इन कारणों का वास्तविक प्रभाव कितना रहा, इसका सटीक आकलन अलग-अलग राजनीतिक विश्लेषण का विषय हो सकता है, लेकिन परिणामों ने यह जरूर दिखाया कि भाजपा पिछला स्थानीय निकाय प्रदर्शन दोहरा नहीं सकी।

कांग्रेस खेमे में जश्न, सड़कों पर निकला विजय जुलूस

मतगणना के दौरान जैसे-जैसे कांग्रेस के पक्ष में परिणाम आते गए, पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ता गया। अंतिम परिणाम सामने आने के बाद कांग्रेस खेमे में खुशी की लहर दौड़ गई। मतगणना केंद्र और बस स्टैंड क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। विजयी प्रत्याशियों को बधाइयां दी गईं और कार्यकर्ताओं ने जुलूस निकालकर जीत का जश्न मनाया। लंबे समय बाद शाहपुरा नगर पालिका की सत्ता कांग्रेस के पक्ष में स्पष्ट बहुमत के साथ आने से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह नजर आया।

अब अगला सवाल कौन बैठेगा चेयरमैन की कुर्सी पर?

चुनाव परिणाम ने कांग्रेस के सामने जीत की खुशी के साथ अगला बड़ा सवाल भी खड़ा कर दिया है नगर पालिका अध्यक्ष कौन बनेगा?

कांग्रेस के पास 22 पार्षद हैं और बहुमत स्पष्ट है। ऐसे में अब पार्टी के भीतर अध्यक्ष पद को लेकर चर्चाएं शुरू होंगी। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन ने भी वार्ड 15 से जीत दर्ज की है। इसके अलावा कांग्रेस खेमे में कई अनुभवी चेहरे भी जीतकर आए हैं।

अब कांग्रेस के सामने सरकार बनाने की चुनौती नहीं, बल्कि अध्यक्ष पद के लिए सर्वसम्मति बनाने की चुनौती होगी। 22 पार्षदों को साथ लेकर चलने और अध्यक्ष पद के लिए एक नाम पर सहमति बनाने की कवायद आने वाले दिनों में तेज होने की संभावना है।

आंकड़ों में शाहपुरा का चुनाव

कांग्रेस ने 35 में से 22 वार्डों में जीत दर्ज की, जो कुल वार्डों का 62.86 प्रतिशत है। भाजपा 8 वार्डों तक सीमित रही, जबकि 5 निर्दलीय प्रत्याशियों ने भी जीत हासिल की।

निर्दलीयों की पांच सीटें स्थानीय राजनीति में अपनी भूमिका जरूर रखती हैं, लेकिन बोर्ड गठन के लिहाज से कांग्रेस को किसी बाहरी समर्थन की आवश्यकता नहीं है।

QUICK BITES

हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी

संस्कार भारती स्कूल एवं चारण माता मंदिर मोहल्ले में विधिक जागरूकता कार्यक्रम, 40 बच्चों ने लिया भाग

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।



तालुका विधिक सेवा समिति की अध्यक्ष एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट रूपल अग्रवाल के निर्देशन में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान संस्कार भारती स्कूल एवं चारण माता मंदिर मोहल्ले में बच्चों को हिंदी दिवस के साथ-साथ विभिन्न कानूनी जानकारियों से अवगत कराया गया। पीएलवी रामबाबू माथुर एवं अंजली नायक ने विद्यार्थियों को हिंदी दिवस के महत्व की जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 सितंबर को हिंदी दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1949 में संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी को भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। कार्यक्रम में बच्चों को संविधान, विधिक अधिकारों एवं कानून से संबंधित आवश्यक जानकारियां भी दी गईं तथा जागरूक होकर अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझने के लिए प्रेरित किया गया।

गणपति स्थापना के साथ माहेश्वरी भवन में शुरू हुआ उत्सव

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला,



गणेश चतुर्थी के अवसर पर काछोला स्थित माहेश्वरी भवन में गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापित कर धार्मिक उत्सव का शुभारंभ किया गया। मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ हुई स्थापना के दौरान श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

पुजारी पुरुषोत्तम पाराशर ने विधिवत पूजा करवाते हुए गणेश प्रतिमा की स्थापना कराई। इस अवसर पर माहेश्वरी समाज अध्यक्ष सूरत राम गगरानी, नवयुग मंडल अध्यक्ष बनवारी लड्ढा सहित समाज के पदाधिकारी, युवा एवं बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

गरबा को लेकर युवाओं में उत्साह

गणेश चतुर्थी से अनंत चतुर्दशी तक माहेश्वरी भवन में गरबा कार्यक्रमों का आयोजन होगा। धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक रंग में होने वाले इन कार्यक्रमों में महिला-पुरुषों और युवाओं के शामिल होने से उत्सव का माहौल और रंगीन रहेगा। आयोजन को सफल बनाने में विनय डागा, विनय मालू, विशाल मंत्री, अतुल मंत्री, पीयूष डागा, आदित्य मालू, कृष्णमुरारी पालीवाल एवं अक्षत जागेटिया सहित समाज के सदस्य जुटे हुए हैं।

गणपति स्थापना के बाद माहेश्वरी भवन में उत्सवी माहौल बन गया है। आगामी दिनों में पूजा, आरती और गरबा सहित विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन से भवन में धार्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास देखने को मिलेगा

गंगापुर नगरपालिका चुनावः कांग्रेस 14, भाजपा 9, निर्दलीय 2 सीटों पर विजयी

भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर



नगरपालिका चुनाव के नतीजे गुरुवार को घोषित हो गए। 25 वार्डों के परिणामों के अनुसार कांग्रेस ने 14 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया, जबकि भाजपा को 9 सीटें मिलीं। दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। कांग्रेस अब तीसरी बार अध्यक्ष पद पर अपनी दावेदारी मजबूत करने की तैयारी में है, जिससे नगरपालिका में सियासी घमासान तेज हो गया है।मतगणना स्थल पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। डीएसपी सुदर्शन पालीवाल और थाना प्रभारी पूरणमल मीणा मुस्तैद रहे। निर्वाचन अधिकारी विवेक गुर्जर की निगरानी में मतगणना संपन्न हुई और सभी 25 वार्डों के नतीजे घोषित किए गए। वार्ड 2 में कांग्रेस प्रत्याशी रश्मि चौहान ने 437 मतों के बड़े अंतर से धमाकेदार जीत दर्ज की।वार्ड 16 में कांग्रेस के भोलाराम माली 355 मतों से विजयी रहे।वार्ड 23 में रेखा हिरण (कांग्रेस) ने 239 मतों से शानदार जीत हासिल की। वार्ड 11 में भाजपा के तुषार अग्रवाल 239 मतों से जीते।वार्ड 14 में भाजपा के राजकुमार तेली ने 153 मतों से जीत दर्ज की। वार्ड 22 में भाजपा के विंकल सिंघवी 186 मतों से विजयी रहे।वार्ड 12 में निर्दलीय पवन सिंह भाटी ने मात्र 25 मतों से चौंकाने वाली जीत हासिल की।वार्ड 19 में निर्दलीय प्रियंका सोनी (पूर्व अध्यक्ष चमन सोनी की पुत्रवधू) 14 मतों से विजयी रहीं।अध्यक्ष पद की रेस में कांग्रेस की ओर से प्रीति काकाणी, गीता देवी चंदेल, रेखा हिरण, ललिता सांखला और रश्मि चौहान के नाम मजबूत दावेदार के रूप में चर्चा में हैं। रश्मि चौहान की वार्ड 2 में बड़ी जीत ने उनकी दावेदारी को और मजबूत कर दिया है।

कांग्रेस की तीसरी बार अध्यक्ष पद पर नजर है। अब चेयरमैन की कुर्सी को लेकर दोनों प्रमुख दलों और निर्दलीय सदस्यों के बीच सियासी गहमागहमी और तेज होने की संभावना है।

हिंदी हमारी पहचान और संस्कृति का अभिन्न अंग : हिंदी दिवस पर महाविद्यालय में कार्यक्रम

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

श्री विजय सिंह पथिक राजकीय महाविद्यालय, बिजौलिया में सोमवार को हिंदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

इस अवसर पर वक्ताओं ने हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, साहित्य और भावनाओं को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण कड़ी है। विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के अधिकाधिक प्रयोग तथा इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा एवं साहित्य से संबंधित भाषण, कविता पाठ, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद, प्रश्नोत्तरी एवं अन्य रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए हिंदी के प्रति अपने विचार व्यक्त किए।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने हिंदी के व्यापक प्रयोग पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को दैनिक जीवन के साथ-साथ शैक्षणिक एवं सामाजिक गतिविधियों में भी हिंदी का प्रयोग करना चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में हिंदी भाषा के सम्मान, संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ;श्री महेंद्र राज खोरवाल, प्रभारी; सुश्री चंद्रकांता मेघवाल समस्त संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।